Tender Heart High School, Sec. 33-B, CHD.

कक्षा - आठवीं शिक्षिका - सुमन शर्मा
विषय - हिंदी व्याकरण ( पुनरावृत्ति )

पुस्तक - वीवा हिंदी व्याकरण - 8

बच्चो! इस सप्ताह हिंदी व्याकरण से संबंधित कुछ विषयों की पुनरावृत्ति करने के लिए भेजीजा रही है। सभी छात्र इन प्रश्नों को ध्यान पूर्वक पढ़ेंगे, याद करेंगे फिर अपनी अभ्यास - पुस्तिका में लिखेंगे।

प्रश्न-1. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखो:-
(क) ऊपर की ओर जाने वाला - (ख) जो कुछ न बोल सके -
(ग) जो पढ़ा न जा सके - (घ) किए गए उपकार को न माननेवाला -
(ङ) जो भूमि उपजाऊ हो - (च) जो कहा गया है -

प्रश्न-2. भिन्नार्थक शब्दों के अर्थ लिखो :-
(क) कर (ख) कृत (ग) पर (घ) तुरंग (ङ) पाव
कारी क्रीत पार तरंग पाँव।

प्रश्न-3 मुहावरों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग करो :-

(क) गिरगिट की तरह रंग बदलना
(ख) घोड़े बेचकर सोना
(ग) कलेजा ठंडा होना
(घ) उँगली उठाना
(ङ) कानों कान खबर न होना

प्रश्न-4 विलोम शब्द लिखो :-
(क) आदर्श (ख) स्वाधीन (ग) क्षणिक (घ) मौखिक
(ङ) लगाव (च) लक्षित (छ) कर्कश (ज) दाता।



Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner

कक्षा- आठवीं शिक्षिका- सुमन शर्मा
विषय- हिंदी व्याकरण (पुनरावृत्ति)

प्रश्न-5 निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाओ:-
(क) उन (ख) पर (ग) अभि (घ) उप (ङ) सु ।

प्रश्न-6 निम्नलिखित प्रत्ययों का प्रयोग करके दो-दो नए शब्द बनाओ:-
(क) अक्कड़ (ख) वान (ग) आनी (घ) गर (ङ) पन ।

प्रश्न-7 आपने अपना जन्मदिन भारतीय पद्धति (तरीके) से मनाया। इस संबंध में अपने मित्र को पत्र लिखो।

प्रश्न-8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखो:-

चीन देश में एक गरीब लड़का फूचाँग रहता था। एक चाय की दुकान का मालिक फाहियान उस पर दया करके उसे कुछ खिला देता था। एक दिन फूचाँग गाँव छोड़कर जाने लगा। उसने दुकान के मालिक का धन्यवाद करते हुए कहा, "मैं तुम्हारा अहसान कभी नहीं भूल सकता। मेरे पास पैसे नहीं हैं, लेकिन..." यह कहकर उसने दीवार पर एक मोर का सुंदर चित्र बनाया और कहा, "जब भी तुम्हारी दुकान पर लोग इकट्ठा हों, तो तुम तीन बार ताली बजाना। फिर तुम्हें बहुत लाभ होगा। लेकिन कभी भी दुकान में एक आदमी होने पर ताली मत बजाना।" यह कहकर वह चला गया।

अगले दिन दुकान पर बहुत भीड़ थी। मालिक ने तीन बार ताली बजाई कि अचानक दीवार पर बनाया हुआ मोर कूदकर दर्शकों के सामने नाचने लगा। सभी लोग हैरान हो गए। रोज़ ऐसा होने लगा, मालिक अमीर हो गया। एक दिन एक सेठ वहाँ आया और उसने इकट्ठे हुए सभी लोगों को धक्का देकर निकाल दिया। उसने मालिक को रुपयों की थैली देकर अकेले मोर का नाच देखने की इच्छा प्रकट की। मालिक रुपयों की थैली देखकर लड़के की चेतावनी भूल गया। उसने तीन बार ताली बजाई। दीवार से मोर आया और बीमार की तरह एक बार नृत्य कर वापिस चला गया। मालिक ने बहुत तालियाँ बजाईं, किंतु मोर वापस नहीं आया।

1. लड़के और मालिक का क्या नाम था?
2. लड़के ने मालिक को क्या चेतावनी दी थी?
3. एक दिन दुकान पर कौन आया?
4. मालिक से क्या भूल हुई?
5. कहानी में से तीन संज्ञा शब्द छाँटिए।
6. कहानी में से तीन सर्वनाम शब्द छाँटिए।
7. चीन देश में एक गरीब लड़का रहता था। (लिंग बदलकर वाक्य फिर से लिखिए)
8. मोर कूदकर नाचने लगा। (वचन बदलकर वाक्य फिर से लिखिए)

(अंतिम पृष्ठ-2)

Scanned with CamScanner
Scanned with CamScanner